आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :479 पृष्ठ -4 दिनांक 16 मई 2025 दिन शुक्रवार

## यूपी में इन कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले सीएम योगी ने दिया तोहफा, 25 फीसद तक बढ़े भत्ते

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सचिवालय प्रशासन विभाग में तैनात अलग-अलग कैडर के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. सीएम योगी ने इन कर्मच. ारियों और अधिकारियों के विशेष भत्तों में 25 फीसद की बढ़ोतरी की है. बुधवार को वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं. योगी सरकार के इस फैसले फैसले 3500 से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा. मंगलवार को यूपी कैबिनेट की बैठक में सचिवालय प्रशासन विभाग में तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों विशेष भत्ते बढ़ाने के पलिए मुख्य सचिव समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी गई है. जिसके बाद बुधवार को वित्त विभाग ने इसके आदेश भी जारी कर दिए.

सचिवालय के कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले योगी सरकार के इस फैसले के बाद सि. चवालय में कंप्यूटर तकनीशियन के विशेष भत्ते को अब 790 रुपये से बढ़ाकर 950 रुपये तक कर दिया गया है. इसके साथ ही सहायक समीक्षा अधिकारी और उनके समकक्ष वेतनमान अधिकारियों को जिन्हें अब तक विशेष भत्ते के तौर पर 1,070 रुपये दिए जाते थे, उसे बढ़ाकर 1,275 रुपये कर दिया गया है. इनके साथ ही समीक्षा अधिकारी का विशेष भत्ते में भी



इजाफा किया गया है. इन अधिकारियों का विशेष भत्ता 1,500 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये कर दिया गया है. सचिवालय के अनुभाग अधिकारी के पदों के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतनमान 1,880 रुपये से बढ़कर 2,250 रुपये हो गए है.

सचिवालय सेवा के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतन पैमाने के अधिकारियों को अब 1,940 रुपये दिए जाते थे जिन्हें बढ़ाकर 2,350 रुपये से बढ़कर किए गए हैं. सचिवालय सेवा उपसचिव के विशेष भत्ते को 2,070 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये किया गया है. संयुक्त सचिव व उनके समकक्ष अधिकारियों का विशेष भत्ता 2,500 से 2,700 रुपये हो गया है. सचिवालय सेवा के विशेष सचिव और इसके समकक्ष वे. तनमान के अधिकारी को 2,500 रुपये विशेष भत्ता मिलता था, जो अब बढ़कर 3,000 रुपये हो गया है. हिन्दी प्रभाग में अनुभाग के अधिकारी (हिन्दू और उर्दू) दोनों की अलग-अलग वरिष्ठता के आधार पर सूची बनेगी और प्रमोशन होगा. विशेष सचिव के 8 नए पद बढ़ाए गए हैं. इसके साथ ही अन्य विभागों सुरक्षा दल के अग्निरक्षक, विधानभवन की सिक्योरिटी, हेड सिक्योरिटी, लीडिंग फायरमेन का पौष्टिक आहार भत्ता भी बढ़ा दिया गया

## मुस्लिम महिला कर्नल को हाईकोर्ट की सख्ती के बाद विजय शाह पर मायावती ने की बड़ी मांग

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कर्नल शोफिया कुरैशी के संदर्भ में विवादित बयान देने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता और मंत्री विजय शाह को लेकर बड़ी मांग की है. बसपा चीफ ने यह मांग ऐसे वक्त में की है जब मध्य प्रदेश में हाईकोर्ट ने विजय शाह के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए तो वहीं खुद मंत्री ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है.बसपा चीफ ने कहा है कि विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना उचित है लेकिन देश की जनता भारतीय जनता पार्टी के एक्शन के इंतजार में है.सोशल मीडिया साइट एक्स पर मायावती ने लिखा- पहलगाम हत्याकाण्ड के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद कल देर रात दर्ज एफआ. ईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा.उन्होंने लिखा कि देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ, कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी, वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देश. हित में सही नहीं.हाईकोर्ट नाराज, सुप्रीम कोर्ट गए विजय शाहइन सबके बीच विजय शाह अपने खिलाफ हुई एफआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक पहुंच गए हैं. वहीं गुरुवार को एमपी में हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है, वह अदालत के विश्वास पर खरी नहीं उतरती. दरअसल, महाधिवक्ता ने हा. ईकोर्ट को बताया कि भ्ब आदेश के पालन में दर्ज थ्प् कर ली गई है. इसके बाद हा. ईकोर्ट ने सरकार के जवाब और थ्प् की ड्राफ्टिंग पर एतराज जताया. हाईकोर्ट ने कहा कि थ्प् इस तरीके से ड्राफ्ट की गई है जिसमे अभियुक्त की करतूतों का जिक्र नहीं. थ्प् को अगर चुनौती दी गई तो आ. सानी से रद्द हो सकती है.

## आगरा में प्रेम प्रसंग ने ली पति की जान . पत्नी और प्रेमी ने रची हत्या की साजिश

आगरा के शमशाबाद थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है. पुलिस ने 13 मई को मरहमपुर गांव के खेत में मिले युवक भीमसेन के शव की गुत्थी सुलझा ली है. जांच में चौंक. ाने वाला खुलासा हुआ कि हत्या का आरा. ेपी कोई और नहीं, बल्कि मृतक की पत्नी और उसका प्रेमी दीपक उर्फ दीपू है.दोनों ने मिलकर शराब पार्टी के दौरान भीमसेन की हत्या की और शव को खेत में फेंक दिया.यहां बता दें कि पुलिस को 13 मई को सूचना मिली कि मरहमपुर गांव के खेत में एक युवक का शव पड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की. जांच में पता चला कि मृतक भीमसेन की पत्नी का गांव के ही दीपक के साथ 4-5 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था. कुछ दिन पहले भीमसेन ने दोनों को बाजार में साथ देख लिया, जिसके बाद पत्नी से उसका झगड़ा हुआ.शराब पार्टी बनी हत्या की वजहझगड़े को सुलझाने के लिए दीपक ने भीमसेन के साथ शराब पार्टी की योजना बनाई. शराब और ढाबे से खाना मंगवाया गया. दोनों शराब पी रहे थे, तभी मृतक की पत्नी भी वहां पहुंच गई. बातचीत के दौरान विवाद बढ़ा, और पत्नी व प्रेमी ने मिलकर भीमसेन के साथ मारपीट शुरू कर दी. दीपक ने लाठी से हमला कर भीमसेन को मौत के घाट उतार दिया. हत्या के बाद दोनों ने शव को खेत में फेंक दिया और फरार हो गए.पुलिस ने सुलझाई गुत्थीसुबह ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी. एसीपी शमशाबाद गिरीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की. जांच में प्रेम प्रसंग और हत्या का खुलासा हुआ. पुलिस ने मृतक की पत्नी और दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.एसीपी का बयान एसीपी गिरीश कुमार ने बताया कि 13 मई को शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. जांच में पता चला कि मृतक की पत्नी का गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था. इसी विवाद में दोनों ने मिलकर हत्या की. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.

## बस्ती सांसद ने किन्नर समाज के लिए सरकार को लिखी चिट्ठी, कर दी बड़ी मांग

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में गरिमा गृह स्थापित होने जा रहा है. जिसको लेकर वर्तमान सांसद राम प्रसाद चौधरी ने इंदिरा चौरिटेबल सोसाइटी की सचिव काजल किन्नर के पत्र पर केंद्र सरकार को एक सिफारिश पत्र लिखा है और मोदी सरकार का ध्यान खींचा है कि योगी सरकार की तरफ से प्रस्ताव पास कर दिया गया है. इसलिए जल्द मोदी सरकार भी इसपर निर्णय लेते हुए आदेश पारित करे, ताकि देश भर में किन्नरों के उत्थान के लिए गरिमा गृह पर कार्य शुरू हो सके. उत्तर प्रदेश में इस महत्वपूर्ण योजना के जारी होने से किन्नरों के सामाजिक बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है. योगी सरकार ने किन्नरों के समावेशी विकास के लिए प्रदेश में ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड का गठन भी किया है. राज्य सरकार ने ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण और उत्थान की दिशा में एक ठोस कदम उठाते हुए केंद्र सरकार से जनपद में एक श्गरिमा गृहश स्थापित करने का आग्रह किया है. यह प्रस्ताव, भारत सरकार की योजना के अंतर्गत भेजा गया है, जिसका उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन जीने के अवसर प्रदान करना है. उत्तर प्रदेश में लगभग एक लाख तीस हजार किन्नर समाज के लोग हैं, जो अभी समाज की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पाए हैं. उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अपर सचिव को समाज कल्याण विभाग के विशेष सचिव की तरफ से प्रेषित इस विस्तृत प्रस्ताव में, बस्ती जिले में गरिमा गृह की आवश्यकता, इसके संभावित लाभ और संचालन के लिए अपेक्षित औपचारिकताओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया है. पत्र में विशेष रूप से मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार से अनुरोध किया गया है कि वे इस महत्वपूर्ण विषय पर व्यक्तिगत ध्यान दें और बस्ती में गरिमा गृह की स्थापना की स्वीकृ ति को प्राथमिकता दें.ट्रांसजेंडर समुदाय, जो सदियों से सामाजिक भेदभाव और उपेक्षा का शिकार रहा है, अक्सर आवास, भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहता है. इसके परिणामस्वरूप, वे असुरक्षित जीवन जीने को मजबूर होते हैं और कई बार शोषण और हिंसा का शिकार भी हो जाते हैं.ैडप्स् योजना के तहत श्गरिमा गृहश की अवधारणा इसी पृष्ठभूमि में उपजी है, जिसका लक्ष्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अपनी पहचान और अधिकारों के साथ जी सकेंबस्ती जिले में गरिमा गृह की स्थापना न केवल ट्रांसजेंडर समुदाय को आश्रय प्रदान करेगी, बल्कि यह उन्हें कौशल विकास और आजीविका के अवसरों से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भ. ूमिका निभाएगी. इस पहल के माध्यम से, ट्रांसजेंडर व्यक्ति शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे, व्यावसायिक प्रशिक्षण ले सकेंगे और समाज की मुख्यधारा में सक्रिय योगदान दे सक. ेंगे. यह कदम उन्हें आर्थिक रूप से आत्म. निर्भर बनाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होगा. प्रस्ताव में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि बस्ती जैसे जिले में गरिमा गृह की स्थापना से ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सामाजिक दृ ष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आएगा. जब समाज के सदस्य इन व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन जीते हुए देखेंगे, तो उनके मन में व्याप्त पूर्वाग्रह और गलत धारणाएं धीरे-धीरे दूर होंगी. एक समावेशी वातावरण का निर्माण होगा, जहां ट्रांसजेंडर व्यक्ति बिना किसी डर या भेदभाव के अपनी जिंदगी जी सकेंगे.यह पहल भारतीय संविधान के मूल्यों के अनुरूप भी है, जो सभी नागरिकों को समानता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है. वंचित वर्गों को निष्पक्ष और सार्थक न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक समावेशी कानून प्रणाली को बढ़ावा देना सरकार का कर्तव्य है, और बस्ती में गरिमा गृह की स्थापना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है. जिले के सामाजिक कार्यकर्ता और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य इस प्रस्ताव से बेहद उत्साहित हैं. उनका मानना है कि यह पहल उनके जीवन में एक नया सवेरा लाएगी और उन्हें समाज में अपनी पहचान और सम्मान वापस दिलाने में मदद करेगी. वे केंद्र सरकार से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं ताकि बस्ती में जल्द से जल्द गरिमा गृह का संचालन शुरू हो सके.

## मुरादाबाद में एसडीओ से वसूली की कोशिश, युवती ने दी झूठे मुकदमे की धमकी

मुरादाबाद बिजली विभाग के एसडीओ को दुष्कर्म केस में फंसाने की धमकी देकर एक युवती और उसके परिवार ने 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। एसडीओ के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवती, उसके भाई, मामा और एक अन्य रिश्तेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।. जनपद के बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के इकबाल नगर पटवारियान निवासी मो. हम्मद अफजल ने मझोला थाने में कुंदरकी के चकफाजलपुर निवासी तबिंदा उर्फ गो. शिया, उसके भाई अल्तमश, मामा, एक रिश्तेदार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जिसमें मो. अफजल ने बताया कि उनके दिव्यांग भाई शावेज अल्वी बिजली निगम में एसडीओ हैं। वह दिल्ली रोड स्थित हा. ईडिल कॉलोनी में सरकारी आवास में रहते हैं। उनका कहना है कि फोन के जरिए उनके भाई की जान पहचान तबिंदा उर्फ गोशिया से हो गई थी। इसके बाद दोनों



के बीच शादी की बातचीत हुई थी। आरोप है कि 30 मार्च को आरोपी युवती, अपने भाई, मामा और एक अन्य रिश्तेदार के साथ शावेज के आवास पर पहुंच गई और 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रकम न देने पर आरोपी दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर चले गए।इसकी जानकारी मिलने पर एसडीओ के परिजन मुरादाबाद पहुंच गए और वह युवती के घर चकफा. जलपुर गए। वहां लोगों की मौजूदगी में बातचीत हुई। आरोप है कि इस दौरान भी उनसे रंगदारी मांगी गई। पीड़ित एसडीओ और उनके परिवार के लोगों ने बिजली निगम के अधिकारियों को भी मामले की जानकारी दी।सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएग।

## चारधाम यात्रा को लेकर गढ़वाल कमिश्नर का बड़ा संदेश, कहा- अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

उत्तराखंड सरकार चारधाम यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और गलत जानकारियों को बेहद गंभीरता से ले रही है. ऐसे में उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है जो या तो श्रद्धालुओं को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं या फिर पुराने वीडियो और झूठी सूचनाएं फैलाकर सोशल मीडिया पर व्यू पाने की होड़ में आस्था के इस बड़े आयोजन को बदनाम कर रहे हैं.गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अब तक चार ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है, जो चारधाम यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारियां फैला रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी सतर्कता के साथ ऐसे मामलों की निगरानी कर रही है और जो भी व्यक्ति जानबूझकर यात्रा को लेकर गलत जानकारी साझा करता पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई तय है.गढ़वाल कमिश्नर ने कहा, चारधाम यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और गौरव से जुड़ी हुई है. हम किसी को भी राज्य के गौरव से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं देंगे. सोशल मीडिया पर यदि कोई व्यक्ति पुराने वीडियो को वर्तमान से जोड़कर लोगों को गुमराह कर रहा है या जानबूझकर भ्रम फैला रहा है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगीउन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाना आजकल आसान हो गया है, लेकिन प्रशासन इस पर पूरी निगरानी बनाए हुए है. राज्य सरकार की विशेष आ. ईटी सेल ऐसे कंटेंट पर नजर रख रही है और जैसे ही कोई वीडियो या पोस्ट संदे. हास्पद पाया जाता है, उसकी तुरंत जांच की जाती है.सिर्फ अफवाह फैलाने वालों पर ही नहीं, बल्कि मंदिर परिसर की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों पर भी प्रशासन सख्त हो गया है. अब चारधाम के मंदिर परिसरों में रील्स, जैसे वीडियो बनाने पर रोक लगा दी गई है. विश्वास और आस्था इस पवित्र यात्रा में अडिग बनी रहे.

# प्रेम-प्रसंग में महिला का सुसाइड पति ने प्रेमी के साथ पकड़ा था

## पिटाई से नाराज होकर खाया जहर



हाथरस के हसायन कोतवाली क्षेत्र के गांव अंडोली में एक विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी। मृतका की पहचान रजनी (25) पत्नी विनोद कुमार के रूप में हुई है। रजनी की शादी विनोद के साथ करीब 3 साल पहले हुई थी। उसका मायका कासगंज के गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के गांव सिनोट में है।दंपती का एक बच्चा भी है। परिवार के लोगों के अनुसार रजनी के गांव के एक अविवाहित युवक से प्रेम–संबंध थे। कल विनोद ने रजनी को उस युवक के साथ पकड़ लिया। युवक मौके से फरार हो गया। इसके बाद विनोद ने रजनी के साथ थोड़ी मारपीट की और उसे खरी खोटी सुनाई। इसके बाद रजनी गांव में दूसरे के घर चली गई। वहां उसने जहर खा लिया।चिकित्सकों ने किया मृत घोषित... तबीयत बिगड़ने पर रजनी ने वहां मौजूद लोगों को इस बारे में बताया कि मैं जहर खा लिया है। परिजन उसे तुरंत प्रा. इवेट अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच–पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सादाबाद में दिव्यांग महिलाओं समेत कई लोगों ने की मांग, जांच के बाद भी नहीं मिला मकान

सादाबाद में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों को मकान स्वीकृत कराने की मांग की गई।डूडा विभाग द्वारा प्लॉटों की जांच प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद लाभार्थियों को अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। आवेदकों में गरीब परिवारों के साथ दिव्यांग महिलाएं भी शामिल हैं। उनके पास रहने के लिए कोई स्थाई आवास नहीं है।महिलाओं ने एसडीएम से आवास जल्द बनवाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम आने वाला है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दो साल पहले गुतहरा में हुई किसान पंचायत में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।एसडीएम संजय कुमार ने आश्वासन दिया कि मामले की पूरी जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आवासों की जांच प्रक्रिया की स्थिति और पात्रता की समीक्षा की जाएगी। पात्र व्यक्तियों को जल्द ही प्रधानमंत्री आवास दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## सादाबाद में दलित बच्चे की हत्या का मामला



सादाबाद में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लोगों को मकान स्वीकृत कराने की मांग की गई।डूडा विभाग द्वारा प्लॉटों की जांच प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद लाभार्थियों को अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। आवेदकों में गरीब परिवारों के साथ दिव्यांग महिलाएं भी शामिल हैं। उनके पास रहने के लिए कोई स्थाई आवास नहीं है।महिलाओं ने एसडीएम से आवास जल्द बनवाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम आने वाला है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दो साल पहले गुतहरा में हुई किसान पंचायत में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।एसडीएम संजय कुमार ने आश्वासन दिया कि मामले की पूरी जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि आवासों की जांच प्रक्रिया की स्थिति और पात्रता की समीक्षा की जाएगी। पात्र व्यक्तियों को जल्द ही प्रधानमंत्री आवास दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## हाथरस कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई




हाथरस कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शि. वनरायण शर्मा ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। अपर जिलाधिकारी ने सैनिकों और उनके परिवारजनों की शिकायतों को गंभीरता से सुना।उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रघुवीर सिंह ने अप्रैल 2025 की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 8 सेवानिवृत्त सैनिकों और 2 सैनिक विधवाओं को पहचान पत्र जारी किए गए हैं।शिकायती पत्रों को कार्रवाई के लिए भेजा गया... एक पूर्व सैनिक का नाम डीजीआर दिल्ली को नौकरी के लिए भेजा गया है। सैनिक कल्याण निगम आगरा ने 2 पूर्व सैनिकों का चयन नौकरी के लिए किया है। सेवारत सैनिकों से प्राप्त 6 शिकायती पत्रों को पुलिस और प्रशासन को कार्रवाई के लिए भेजा गया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है।

## हाथरस डिपो ने गंगा घाटों के लिए शुरू की बस सेवा

हाथरस से हर रोज सुबह छह बजे यह बस जलेसर से मथुरा जाती है और वहां से हा. थरस होते हुए कछला रवाना होती है। इस बस के संचालन से आम यात्रियों को कछला जाने में काफी आसानी हो जाएगी। पर्वों के इस सीजन में हाथरस डिपो ने गंगा घाटों के लिए बसों का संचालन शुरू कर दिया है। हाथरस से जलेसर होते हुए एक बस बदायूं के कछला गंगा घाट के लिए चलाई गई है।हाथरस से हर रोज सुबह छह बजे यह बस जलेसर से मथुरा जाती है और वहां से हाथरस होते हुए कछला रवाना होती है। इस बस के संचालन से आम यात्रियों को कछला जाने में काफी आसानी हो जाएगी। आगामी गंगा दशहरा और अन्य पर्वों को देखते हुए रोडवेज ने इस बस सेवा की शुरुआत की है। आने वाले समय में और कई बसों का संचालन दूसरे गंगाघाटों के लिए भी करने पर विचार किया जा रहा है।हाथरस डिपो की वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी मंजू ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए उन मार्गों पर बसें चलाई जा रही हैं, जहां से ज्यादा मांग आ रही है। यात्रियों की मांग को देखते हुए और भी बसों का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश ने हाथरस के सिकंद्राराऊ का दौरा किया



विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश ने हाथरस के सिकंद्राराऊ का दौरा किया। नगर सह मंत्री मोनू माहेश्वरी के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।बैठक में संगठन की आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रांत संगठन मंत्री ने हिंदू समाज के एकत्रीकरण पर जोर दिया। उन्होंने लव जिहाद से समाज की बहन–बेटियों की सुरक्षा के विषय पर भी चर्चा की। कार्यकर्ताओं को समाज हित में काम करने के दिशा–निर्देश दिए गए।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष राय सिंह और निधि राज वार्ष्णेय मौजूद रहे। नगर मंत्री पवन वार्ष्णेय, नगर सह मंत्री मोनू महेश्वरी, प्रचार प्रमुख गोविंद ठाकुर और गौ सेवा प्रमुख अक्की यादव भी उपस्थित थे। इनके अलावा धर्माचार्य प्रमुख देवेंद्र राघव, साप्ता. हिक मिलन प्रमुख जयपाल सिंह, बजरंग दल नगर सहसंयोजक विशाल पुंडीर, नगर पालिका सभासद राज वार्ष्णेय, अमन गुप्ता, राहुल हिंदूवादी और राघव वार्ष्णेय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाथरस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया



हाथरस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के भाजपा मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इंदिरा गांधी पार्क पर एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय तक मार्च किया।वहां नारेबाजी के साथ धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं ने एसडीएम नीरज शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंत्री को बर्खास्त करने और उनके खिलाफ देशद्रोह का मुक. दमा चलाने की मांग की गई। धरना सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब पूरा देश भारत–पाक संघर्ष में सेना का सम्मान कर रहा है, तब भाजपा मंत्री की टिप्पणी सेना का मनोबल तोड़ने वाली है। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम पर केंद्र सरकार को कई सवालों का जवाब देना होगा।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर मुकेश चंद्रा, जेपी पांडे, अवधेश बक्शी, शशांक पचोरी, मथुरा प्रसाद, कृपाल सिंह समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। धरना सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने की, जबकि संचालन शशांक पचोरी एडवोकेट ने किया।

## हाथरस पुलिस ने एक संगठित बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश किया



हाथरस पुलिस ने एक संगठित बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने विजयवाड़ा से गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार कर 4 साल के अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।घटना 9 मई की है, जब कोतवाली नगर थाने में 4 वर्षीय कविश निवासी मोहल्ला जागेश्वर की गुमशुदगी की सूचना दर्ज हुई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की चार टीमें बच्चे की खोजबीन में जुट गईं। पुलिस ने करीब 500 सीसीटीवी कैम. रों का अवलोकन किया। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपियों को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से पकड़ा। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर हाथरस लाया गया।एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह नवजात से लेकर 3–4 साल के बच्चों को चुराता है। इस गिरोह में एक दर्जन सदस्य शामिल हैं। गिरोह के सदस्य पहले टारगेट परिवार के आस–पास किराए का मकान लेते हैं। फिर परिवार से दोस्ती कर बच्चे की तस्वीर अपने साथियों को भेजते हैं। सौदा तय होने पर मौका देखकर बच्चे को बहला–फु. सलाकर ले जाते हैं।उम्र के हिसाब से तय करते कीमत गिरोह बच्चों की उम्र के हिसाब से कीमत तय करता है। नवजात शिशुओं की कीमत सबसे ज्यादा होती है। बच्चे को एक सदस्य से दूसरे को सौंपते हुए अंतिम खरीदार तक पहुंचाया जाता है। पुलिस पूछताछ में अब तक 8 बच्चों की खरीद–फरोख्त का मामला सामने आया है। गिरफ्तार आरोपियों में हाथरस के जागेश्वर कालोनी निवासी मोनू पाठक और आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के मैद्दी पाटला राघवेंद्र के अलावा दो महिलाएं शामिल हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है।इधर, बच्चे की सकुशल बरामदगी के बाद परिवार काफी खुश नजर आया। परिवार के लोगों ने पुलिस टीम का काफी आभार जताया। पुलिस अधीक्षक ने भी इस बच्चे को स्नेहपूर्ण अपनी गोदी में ले लिया।

## हाथरस में गर्मी का प्रकोप लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर

हाथरस में गर्मी का प्रकोप लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन उल्टी–दस्त और पेट दर्द के 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड में लगभग 50 मरीज आ रहे हैं। प्राइवेट अस्पतालों में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ी है।हाथरस में आज अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिला अस्पताल के चिकि. त्सक डॉ. प्रमोद कुमार ने स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी है। उन्होंने लोगों से अधिक पानी पीने की अपील की है। साथ ही गंदगी से दूर रहने और रात को मच्छ. रदानी का उपयोग करने की सलाह दी है।गर्मी से बचाव की सलाह...डॉक्टर ने कहा कि बीमार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। बिना चिकित्सक की सलाह के दवाई न लें। बासी भोजन से बचें और केवल ताजा भोजन का सेवन करें। गर्मी से बचकर रहें और दोपहर के समय धूप में न निकलें।

## हाथरस सदर तहसील परिसर में आज महान किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई

हाथरस सदर तहसील परिसर में आज महान किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उनके छवि चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने किसानों के हित मेंमहेंद्र सिंह टिकैत के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि टिकैत ने जीवन भर किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया। वह कभी भी शासन और प्रशासन के सामने नहीं झुके। किसानों की आवाज को हमेशा बुलंद रखा। उन्होंने किसानों को साथ लेकर तमाम प्रदर्शन किए। इस देश का किसान उनके संघर्षों को भूल नहीं सकता।कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के युवा इकाई के जिला अध्यक्ष चौधरी महीपाल सिंह, भारतीय किसान यूनियन के युवा जिलाध्यक्ष अंशू थेनुआ मौजूद रहे। इसके अलावा महेंद्र सिंह धनगर, जेपी बघेल, भूरी चौधरी, राम कुमार गिलोदपुर और रणवीर सिंह स्वामी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सरस्वती विद्या मंदिर की मेधावी छात्रा को जिलाधिकारी द्वारा किया गया सम्मानित

अलीगढ़।महिला एवं बाल विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अलीगढ़ के जिलाधिकारी के साथ मेधावी छात्राओं का संवाद किया गया जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल,खैर रोड की कक्षा द्वादश की छात्रा वंदना चौधरी को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंकों के लिए सम्मानित किया गया।प्रबंधक डॉ. राजीव अग्रवाल ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है और विद्यार्थी का जिलाधिकारी से सम्मानित होना एक महत्वपूर्ण पल है।प्रधानाचार्य विजय प्रकाश शर्मा में कहा कि यह उनके लिए भी लिए गौरवान्वित पल है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि ये उपलब्धि छात्रा के जीवन को उज्ज्वल बनाएगी।शैक्षिक संयोजक अशोक कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी जबकि इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह एवं विद्यालय के शिक्षक सत्येंद्र सिंह उपस्थित रहे।

अलीगढ़ विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 मई को जिले में दसवें श्शराष्ट्रीय डेंगू दिवसश्श को श्शदेखें, साफ करें, ढ़केंरू डेंगू को हराने के उपाय करें थीम पर आयोजित किया जाएगा मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 नीरज त्यागी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन 16 मई को दोपहर 12 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड की मेधावी छात्राओं से किया संवाद




डीएम ने निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा देते हुए प्रशासन स्तर पर हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के प्रति किया आश्वस्तधारणाओं एवं भ्रांतियों पर ध्यान न देते हुए अपनी रुचि के अनुसार विषयों का करें चयन अलीगढ़ 15 मई 2025 जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वाराकलैक्ट्रेट सभागार में सीबीएसई एवं यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में जिले की विभिन्न विद्यालयों की टॉपर्स छात्राओं ने प्रतिभाग किया।इस दौरान जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने छात्राओं के साथ खुलकर संवाद किया, उनके अनुभवों, लक्ष्य एवं भविष्य की योजनाओं को जाना। छात्राओं ने भी प्रशासनिक अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका उत्तर अधिकारियों ने सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से दिया। छात्राओं ने सिविल सेवा, रिसर्च, भविष्य में स्ट्रीम एवं विषयों का चयन, परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने, कोचिंग का महत्व, सोशल एवं कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर करने सबंधी जिज्ञासाओं को दूर किया।जिलाधिकारी संजीव रंजन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों की यह सफलता समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी और आश्वस्त किया कि प्रशासन स्तर पर उन्हें हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। डीएम ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचान कर आगे बढ़ने और कैरियर के साथ–साथ स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने सबंधी टिप्स भी सुझाए। उन्होंने यह भी कहा कि कैरियर के फेर में बचपन को हाथ से न जाने दें, ये दिन वापस नहीं आएंगे। हर विषय का अपना महत्व होता है। धारणाओं एवं भ्रांतियों पर ध्यान न देते हुए अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर अध्ययन करें।मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए शिक्षा में निरंतर गुणवत्ता और नवाचार को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण और कड़ी मेहनत से ही सफलता संभव है। उन्होंने समय प्रबंधन विशेष ध्यान देने की नसीहत देते हुए कहा कि इसका फायदा आपको जीवन भर मिलेगा।कार्यक्रम के अंत में सभी मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। इस दौरान डीआईओएस सर्वदानन्द, एडीआईओएस मनोरमा ठाकुर, डीपीओ अजित कुमार, विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं छात्राओं के माता–पिता भी उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम का संचालन नीतू सारस्वत द्वारा किया गया।टॉपर्स छात्राओं ने किया प्रतिभागरूसीबीएसई इंट. रमीडिएट की छात्रा चौतन्या श्रीवास, सांची अरोड़ा, ईशा शर्मा, वेदिका चौधरी, वंदना चौधरी, अनुष्का सिंह, संरक्षिता, अपूर्वा राघव, विधि वर्मा, नैना अग्रवाल, हिमांशी, अंजलि, मानसी ने संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।सीबीएसई हाई स्कूल की इफरा रीजवी, महिका माहेश्वरी, अनुष्का सिंह, विदिशा अग्रवाल, उत्प्रेक्षा चौहान, सौम्या चौहान, देवांशी वार्ष्णेय, रिद्धि गुप्ता, विदुषी सिंह, यशिका, कनिष्का सिंह, निमि. र्ति वार्ष्णेय, मान्या बंसल, चारु चौधरी ने प्रतिभाग किया।इसी प्रकार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की इंटरमीडिएट टॉपर शिखा कुमारी, रानू, प्राची, खुशबू, निशा, साक्षी, अवंतिका सिंह, खुशी और हाई स्कूल की टॉपर्स प्रियांशी, काजल कुमारी, परी शर्मा, भारती, प्रिया चौहान, रिया अग्रवाल, हिना कुमारी, छवी शर्मा, उमा एवं शिवानी द्वारा संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

## जल निकासी की नगर आयुक्त ने की समीक्षा,अधीनस्थों को नगर आयुक्त की हिदायत

अलीगढ़।जून में मानसून के आने की सभांवना को देखते हुए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जलकल विभाग के सहायक अभियंता अवर अभियंता के साथ जलभराव वाले क्षेत्र में नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की और नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता पुष्पेंद्र सिंह और अवर अभियंता नरेंद्र सिंह को 5 जून तक सभी पंपिंग स्टेशनों का भौतिक सत्यापन करते हुए पंपिंग स्टेशन की क्षमता पंप सेटों की मरम्मत,मोटर पंप की मरम्मत और मोबाइल पंप सेट की मरम्मत के साथ साथ अतिरिक्त पंप सेट क्रय करने के निर्देश दिए है।सूत्रों की मानें तो पिछले साल जलभराव वाले क्षेत्र शाहजमाल, सुदामापुरी स्टेशन गूलर रोड आदि क्षेत्र में जल भराव की समस्या की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर जल निकासी के संसाधनों को बढ़ाये जाने के निर्देश दिए।उन्होंने जलकल विभाग को जल भराव के हॉट स्पॉट की सूची तैयार कर अभी से ही संसाधन जैसे मोबाइल पम्पिंग यूनिट,सीवर पम्पिंग स्टेशन पर मोटर्स की संख्या,पुरानी मोटर मरम्मत,रिजर्व में पंप सेट व मोटर्स की बढ़ोतरी करने के निर्देश भी दिए।



## मण्डलायुक्त ने ऑपरेशन जागृति के तहत अतरौली में छात्राओं को किया जागरूक

अलीगढ़ (ऑपरेशन जागृति फेज–04 अभियान के अन्तर्गत तहसील अतरौली में के0एस0आर0एम0बी0 इण्टर कालेज में छात्राओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, साइबर क्राइम एवं घरेलू तथा निजी विवादों में महिलाओं के माध्यम से झूठे मुकद्दमें के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़, संगीता सिंह का एनसीसी के छात्र–छात्राओं द्वारा गार्ड–ऑफ–ऑनर देते हुए सैनिक बैण्ड के साथ उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कालेज के स्काउट टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के आत्म सुरक्षा करतवों एवं स्कूली छात्रछात्राओं द्वारा महिला सुरक्षा के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों को समान अवसर एवं उनके प्रति समाज की सोच को बदलने के अलावा उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।मण्डलायुक्त ने छात्राओं को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं सभी छात्रों को नशे जैसी बुराईयों से दूर रहने का आव्हान करते हुए ऑपरेशन जागृति फेज–04 के अन्तर्गत छात्रछात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अत्यन्त गर्व की बात है कि इस विद्यालय की स्थापना वर्ष 1910 उस समय हुई जब देश अंग्रेजों के पराधीन था और इस विद्यालय की स्थापना में विदुषी महिला माता गंगाबाई का योगदान था। उस समय महिलाओं की स्थिति देश में अच्छी नहीं थी। ऐसे समय में एक महान महिला द्वारा कालेज की स्थापना किया जाना आज के समय युवा पीढ़ी के लिए अत्यन्त प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। सुनीता विलियम्स, कर्नल सोफिया कुरैशी एवं व्योमिका सिंह आज की युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत हैं। ऑपरेशन जागृति के अन्तर्गत संचालित सभी अभियानों को हमें सिर्फ इस प्रोग्राम तक ही सीमित नहीं रखना है, बल्कि यहां से संकल्प लेकर इस प्रचार एवं प्रसार निरन्तर अपने दोस्तों, परिवार एवं समाज में करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंटरनेट आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण है। इंटरनेट पर अच्छी एवं खराब दोनों चीजें मौजूद है। हमें अच्छी चीजों का उपयोग अपनी शिक्षा, समाज में बुराईयों को दूर करने और भारत देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए करते हुए सभी बुराईयों से दूर रहना है। आज युवा पीढ़ी को अच्छे रास्तों पर चलते हुए अपने समाज, परिवार और भारत देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाना है। हम सभी आज संकल्प ले कि हम अपने देश और समाज के लिए काम करेगें।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अमृतलाल ने छात्राओं को अपनी शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के साथ ही सभी क्षेत्रों में उन्नति प्राप्त करने का आव्हान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहते हुए समाज और परिवार एवं देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाना है और इस महिला सुरक्षा मिशन का प्रचार व्यापक रूप से करना है।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अतरौली मोहम्मद अमान, क्षेत्राधिकारी पुलिस अतरौली श्रीमती सर्जना सिंह व विजयकान्त शर्मा थाना प्रभारी अतरौली सहित स्कूल प्रधानाचार्य वीके श्रोती एवं अन्य अध्यापक, समाज सेवी इं0 हिमांशु मित्तल अध्यक्ष युवा पहल मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य को अच्छे आयोजन एवं सभी छात्र–छात्राओं को कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## जल निकासी की नगर आयुक्त ने की समीक्षा–अधीनस्थों को नगर आयुक्त की हिदायत–5 जून तक सभी पंपिंग स्टेशन और मोबाइल पंप सेट की क्षमता और संख्या बढ़ाकर एक्टिव रखने के निर्देश

जून में मानसून के आने की सभांवना को देखते हुए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जलकल विभाग के सहायक अभियंता अवर अभियंता के साथ जलभराव वाले क्षेत्र में नगर निगम द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओ की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने सहायक अभियंता पुष्पेंद्र सिंह और अवर अभियंता नरेंद्र सिंह को 5 जून तक सभी पंपिंग स्टेशनों का भौतिक सत्यापन करते हुए पंपिंग स्टेशन की क्षमता पंप सेटों की मरम्मत, मोटर पंप की मरम्मत और मोबाइल पंप सेट की मरम्मत के साथ–साथ अतिरिक्त पंप सेट क्रय करने के निर्देश दिए है। पिछले साल जलभराव वाले क्षेत्र शाह जमाल सुदामापुरी स्टेशन गूलर रोड आदि क्षेत्र में जल भराव की समस्या की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर जल निकासी के संसाधनों को बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जलकल विभाग को जल भराव के हॉट स्पॉट की सूची तैयार कर अभी से ही संसाधन जैसे मोबाइल पम्पिंग यूनिट, सीवर पम्पिंग स्टेशन पर मोटर्स की संख्या, पुरानी मोटर मरम्मत, रिजर्व में पंप सेट व मोटर्स की बढ़ोतरी करने के लिए कहा।

## सीएम ग्रिड–खैर रोड व गूलर रोड सड़क नाला निर्माण कार्य का नगर आयुक्त ने लिया जायजा––कार्यदाही फर्म पी0पी0एस0 को लेबर बढ़ाने व तेजी से काम करने की दी हिदायत



सीएम ग्रिड–खैर रोड व गूलर रोड सड़क नाला निर्माण कार्य का नगर आयुक्त ने लिया जायजा––कार्यदाही फर्म पी0पी0एस0 को लेबर बढ़ाने व तेजी से काम करने की दी हिदायतनिर्माण की धीमी रफ्तार देख पहले सीएम ग्रिड निरीक्षण में नगर आयुक्त हुए खफा–कार्यदाही संस्था, जेई एई को नगर आयुक्त ने दिया सुधार का अल्टीमेटममुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) (सी. एम. ग्रिड्स) योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा पैकेज 2 अंतर्गत लगभग 29 करोड़ 58 लाख की लागत से वार्ड 11, 15 व 34 में खैर रोड स्थित हीरा लाल की पुलिया से नादा पुल चौराहा तक 2.56 मीटर लंबी सड़क एवं लगभग 1424.77 लाख की लागत से वार्ड सं 08, 15, 26, 69 गूलर रोड पर जी०टी० रोड स्थित शहंशाह होटल की पुलिया से देहलीगेट चौराहे तक 2.08 मीटर लंबी सड़क निर्माण का नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने मुख्य अभियंता के साथ निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय दोनों सड़को के निर्माण कार्य में कम लेबर देख कर नगर आयुक्त ने कार्यदाही फर्म पी0पी0एस0 के प्रोजेक्ट मैनेजर मो0 इमरान से कम लेबर की वजह पूछी। नगर आयुक्त ने कहा अगले शुक्रवार दोबारा निरीक्षण करूँगा निर्माण स्थल पर दोनों साइड 50 लेबर प्रतिदिन लगाकर तेजी से कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने प्रा. जेक्ट मैनेजर से कहा आने वाले मानसून को देखते हुए तेजी से निर्माण कार्य कराए जाने की जरूरत है क्योंकि बारिश के महीनों में निर्माण कार्य की गति धीमी हो जाती है।मौके पर नगर आयुक्त ने कार्यदाही एजेंसी के साथ साथ संबंधित अवर अभियंता संजय कुमार सहायक अभियंता राजवीर सिंह को निर्माण कार्यों में मानक, गुरवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि में निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा निर्माण कार्यो मानक व गुरवत्ता में लापरवाही के सीधे अवर अभियंता, सहायक अभियंता की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी लेबर पर्याप्त मात्रा में न पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को नोटिसध्जुर्माना भी लगाया जाएगा।निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ मुख्य अभियंता सुरेश चंद को बिजली विभाग से समन्वय कर सड़को से ट्रांसफार्मर व पोल शिफ्टिंग कराये जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण में नगर आयुक्त के साथ मुख्य अभियंता सुरेश चंद अधिशासी अभियंता बिजेन्द्र पाल एई रा. जवीर सिंह संजय कुमार अहसान रब साथ थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा बैठक संपन्न



अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, विद्युतीकरण एवं फर्नीचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समग्र शिक्षा अभियान के तहत निर्माणाधीन भवनों, स्मार्ट क्लास, वर्चुअल लैब एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को प्रदत्त की जाने वाली सुविधाओं में विलंब पाए जाने पर संबंधित का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने शासकीय विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा में पाया कि अब तक 190580 नामांकन हुए हैं, जबकि 202425 में 219847 बच्चों के नामांकन हुए थे। उन्होंने नामांकन की संख्या घटने पर नाराजगी जताते हुए निद. शित किया कि किसी भी दशा में ड्रॉपआउट दर शून्य के करीब लाई जाए। ईंटभट्टों पर कार्य करने वाले श्रमिक परिवारों के बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन करते हुए समुदाय एवं अभिभावकों को अधिकाधिक जागरूक किया जाए। विद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सु. निश्चित करने के लिए नियमित रूप से विद्यालय प्रबंध समिति की बैठकें करने एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने के भी निर्देश दिए गए।विभागीय प्रगति से असंतुष्ट नजर आए जिलाधिकारी ने बीएसए एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि दिए गए निर्देशों का अनुपालन कराया जाए। निर्माण कार्यों के लिए टेण्डर प्रक्रिया समय से पूर्ण करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक माहौल विकसित किया जाए। डीएम ने नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत आवस्थापना संबंधी गैप को जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश देते हुए सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को हिदायत दी कि कायाकल्प के तहत विकास कार्यों को तत्काल पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था से अनुबंध न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए एक सप्ताह में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय 100 के सापेक्ष टप्पल में 80, इगलास में 81, नगर निगम में 90, चण्डौस में 96, अकराबाद में 97 वहीं कक्षा 09 में 40 के सापेक्ष टप्पल में 22, इगलास में शून्य, खैर में 17, लोधा में 24 बालिकाओं का ही प्रवेश होने पर जिस पर उन्होंने संबंधित एबीएसए का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिले में आरटीई पोर्टल पर 1253 विद्यालय चिन्हित हैं, जिनमें 16000 बच्चों को प्रवेश दिया जा सकता था, परन्तु खण्ड शिक्षा अधिकारियों की अकर्मण्यता के चलते 8990 आवेदन प्राप्त हुए और मात्र 1722 बच्चों का प्रवेश हो सका। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि षशिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में निपुण लक्ष्य एप का शतप्रतिशत प्रयोग नहीं किया जा रहा है, ब्लॉकवार समीक्षा में पाया गया कि टप्पल में 06 प्रतिशत, धनीपुर में 07, प्रतिशत एवं गोंडा में 09 प्रतिशत ही निपुण लक्ष्य का प्रयोग किया गया है। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रेरणा एप पर विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यार्थियों की उपस्थिति, रसोईयों का मानदेय, एमडीएम, आरबीएसके संबंधी विषयों पर भी विचारविमर्श किया गया।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी,सीएमओ डा0 नीरजत्यागी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, डीएसओ अभिनव सिंह, डीपीओ अजित कुमार, डीपीआरओ मो0 रा. शिद समेत सभी बीडीओ, एबीएसए, ईओ, एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुप्तांग काटा, आंखें फोड़ी और फिर कुचला सिर... एटा में 10 साल के दलित बच्चे की पहचान तक करना मुश्किल, शव देख कांपा गांव

उत्तर प्रदेश में एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 10 वर्षीय दलित बच्चे अनुज की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब अनुज अपने 2 दोस्तों के साथ शौच के...उत्तर प्रदेश में एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 10 वर्षीय दलित बच्चे अनुज की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब अनुज अपने 2 दोस्तों के साथ शौच के लिए निकला था। इसी दौरान, एक युवक ने अचानक उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर ने मक्का के खेत से निकलकर बच्चे पर वार किया, फिर उसकी आंखें निकाल लीं, गुप्तांग काट दिए और सिर पर पत्थर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।हत्या में बर्बरता की सारी हदें पारसूत्रों से मिली जानकारी केमुताबिक, मासूम की हालत इतनी भयावह थी कि उसकी पहचान भी मुश्किल हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्चे की बॉडी अत्यंत क्षत–विक्षत थी। गांव के बाग के रखवाले पर हत्या का शक जताया गया है, और पुलिस ने मौके से चाकू व सफेद गमछा बरामद किया है। पुलिस ने बच्चे के 2 दोस्तों को हिरासत में लिया है, और मामले की जांच कर रही है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें थाने में बैठाकर दबाव बनाया जा रहा है और पुरानी रंजिश का भी संदर्भ दिया जा रहा है।आक्रोशित परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इनकारघटना के बाद, परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद बच्चे का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था, जब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया जाता। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को समझाया, और आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद, परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। पिता सुनील ने कहा कि उनके बेटे की मौत बहुत दर्दनाक थी, और वह अपने बच्चे का यह हाल देखकर बहुत आहत हैं।

# प्यार बना हत्याकांड की वजह! कासगंज युवती के पिता–भाई समेत 3 गिरफ्तार, दो फरारय तमंचा बरामद

कासगंज : संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



कासगंज के सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र में प्रेम–प्रसंग में एक युवक की मंगलवार को गोली मार कर हत्या का दी गई थी। जिसका पुलिस ने खुलासा कर युवती के पिता–भाई समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 2 साथी अभी फरार है। जिसके तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।13 मई को नरदौली गांव के जंगल में 18 वर्षीय अंकुर का शव मिला था। पुलिस ने मामले में अंकुर के प्रेमिका के पिता हरिश्याम, भाई प्रदीप और उसके दोस्त मुनेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।अंकुर प्रेमिका से खेत में मिलने गया थाघटना मंगलवार की देर रात की है। अंकुर अपनी प्रेमिका से मिलने नगला दरका गांव गया था। दोनों खेत में बात कर रहे थे। इसी दौरान प्रेमिका के भाई प्रदीप ने उन्हें देख लिया। प्रदीप ने तमंचे से अंकुर को दो गोली मारी।इसी बीच युवती के पिता हरिश्याम भी लाइसेंसी बंदूक लेकर वहां पहुंच गया। उन्होंने भी अंकुर को दो गोली मारी। आरोपियों ने शव को प्लास्टिक की पॉलीथिन में पैक कर बाइक से खेत में फेंक दिया।दो साल से चल रहा था प्रेम–प्रसंगअंकुर के भाई राजीव ने बताया कि अंकुर और युवती का प्रेम–प्रसंग दो साल से चल रहा था। इसी कारण युवती के परिजन उसे जान से मारने की धमकी देते थे। मंगलवार की रात में अंकुर प्रेमिका से मिलने गया था। इस दौरान युवती के पिता और भाई ने मिलकर अंकुर की हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर12 बोर की ला. इसेंसी बंदूक, 315 बोर का अवैध तमंचा, 5 जिंदा और 2 खोखा कारतूस बरामद किए हैं। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और प्लास्टिक की थैली भी बरामद की गई है।अन्य आरोपी की तलाश जारी युवती का दूसरा भाई संतोष और एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। हरिश्याम और प्रदीप दरका गांव के रहने वाले हैं। जबकि मुनेंद्र विजयनगर का निवासी है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# एटा के थाना मलावन क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कासगंज के दो युवकों की मौत हो गई



एटा के थाना मलावन क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कासगंज के दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान विवेक (22) पुत्र बृजेश और सुमित (20) पुत्र दिनेश चंद्र के रूप में हुई है। दोनों नगला गुमानी, कासगंज के रहने वाले थे।घटना बुधवार–बृहस्पतिवार की मध्यरात्रि करीब 12रू30 बजे की है। दोनों युवक हाड़ई गांव में एक बारात में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। गांव छछैना के पास हाईवे पर उनकी बाइक आवारा गोवंश से टकरा गई।हादसे में विवेक की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सुमित को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।थाना प्रभारी मलावन रोहित राठी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

# कासगंज संकर मक्का की देखभाल में बरतें सावधानी, शाम को करें हल्की सिंचाई

कासगंजरू कृषि विभाग की टीम ने सोरों और अमांपुर विकास खंड क्षेत्र में खेतों में खड़ी संकर मक्का की फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान मक्का की अधिक पैदावार करने के लिए किसानों को फायदे बताए और पौधा मजबूत करने के लिए उपाय बताए।जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्र ने बताया कि इस बार मक्का की फसल अच्छी है। फसलों में कोई रोग नहीं है। कीट मुक्त फसल में अच्छी पैदावार की उम्मीद की संभावना है। उन्होंने मक्का किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि नहर से सिंचित करने वाले किसान मक्का की फसल को आवश्यकता से अधिक पानी लगा रहे हैं। फसल में पानी भरा रहने से हानिकारक सिद्ध होगा, क्योंकि लगातार तापमान बढ़ रहा है। किसान शाम के समय मक्का की फसल की हल्की सिंचाई करें। फसल की लगातार देखरेख करते रहें, यदि फसल में कोई रोग कीट विशेषकर मृत गोभ अथवा पत्तियों में छिद्र या पत्ती व मक्के के तने पर महीन भूसे के बुरादे जैसा उत्सर्जित पदार्थ दिखाई दे, तो तत्काल कृषि वैज्ञानिक या कृषि विभाग से संपर्क कर, कीट का उचित प्रबंधन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों से कहा कि समय से बोई गई संकर मक्का में दाना बनने की प्रक्रिया चल रही है। अतः ऐसी दशा में खेत में पर्याप्त नमी बनाये रखें। साथ ही तापमान में बढ़ोतरी को देखते हुए फसल में यूरिया उर्वरक का प्रयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें।




# एटा जिले के सकीट थाना क्षेत्र में एक घटना सामने आई



एटा जिले के सकीट थाना क्षेत्र में एक घटना सामने आई है। नगला मुंशी के 40 वर्षीय प्रमोद ने नगला इंडी रोड पर एक सूखे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।राहगीरों ने जब व्यक्ति को पेड़ पर लटका देखा तो तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन और सकीट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में ले लिया। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया।मृतक के बड़े भाई सुधीर कुमार ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी से नाराज होकर प्रमोद ने मंदिर के पास पेड़ पर फांसी लगा ली।थाना प्रभारी चमन गोस्वामी के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से परिवार में शोक की लहर है।

एटा जिले के रिजोर थाना क्षेत्र में पैसों के लेनदेन को लेकर एक व्यक्ति पर उसकी पत्नी और साले ने हमला कर दिया। निधौली खुर्द गांव के रहने वाले 55 वर्षीय अकबर ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।अकबर ने बताया कि उनके साले सलीम ने भैंस का बच्चा बेचा था। जब उन्होंने पैसे मांगे तो पत्नी भल्लो और साले ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने चाकू से वार भी किया, जिससे अकबर घायल हो गए।एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने घायल अकबर का मेडिकल परीक्षण करवाया है। थाना प्रभारी रिजोर जेपी अशोक ने बताया कि घायल व्यक्ति शराबी किस्म का है। उन्होंने कहा कि तहरीर प्राप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कासगंज जिले की सहावर तहसील के ग्राम हीरापुर की आंगनवाड़ी कार्यकत्री बबिता ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा



कासगंज जिले की सहावर तहसील के ग्राम हीरापुर की आंगनवाड़ी कार्यकत्री बबिता ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने विभाग की सुपरवाइजर मालती यादव और मास्टर ट्रेनर सरोज यादव व मनू वर्मा पर वसूली के आरोप लगाए हैं।कार्यकत्री का कहना है कि अधिकारी राशन वितरण में प्रति माह 500 रुपये की वसूली करते हैं। पीएलआई से मिलने वाले 1500 रुपये में से भी 500 रुपये काट लिए जाते हैं।शिकायत के अनुसार, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को धमकाया जाता है। उनसे कहा जाता है कि राशन वितरण करें या न करें, हर महीने 500 रुपये देने होंगे। पीएलआई के लिए भी पैसे न देने पर 1500 रुपये की राशि रोकने की धमकी दी जाती है।बबिता ने बताया कि डर के कारण सभी कार्यकत्रियों को मास्टर ट्रेनरों को पैसे देने पड़ते हैं। सुविधा शुल्क भी अलग से वसूला जाता है। प्रत्येक न्याय पंचायत पर एक मास्टर ट्रेनर तैनात है।शिकायत की प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और कासगंज के जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। कार्यकत्री ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।




# कासगंज कच्चा आढ़तिया तोला कमेटी गल्ला मंडी के चुनाव का बजा बिगुल

कासगंज कच्चा आढ़तिया तोला कमेटी गल्ला मंडी के चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। नामांकन की अंतिम तिथि 16 मई है, जबकि 17 मई तक नाम वापसी की जा सकेगी। मतदान और मतगणना 18 मई को होगी, जिसके बाद पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।अध्यक्ष पद के लिए अब तक दो नामांकन दाखिल हुए हैं। एक नामांकन शालिनी सिंह ने और दूसरा मानपाल सिंह ने किया है। वहीं महामंत्री पद के लिए एसवी सिंह तथा जितेंद्र वार्ष्णेय ने नामांकन किया है। कोषाध्यक्ष पद के लिए गुरुनेंद्र और मयंक गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया है। 17 मई को नाम वापसी के बाद यह तय होगा कि कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहेंगे।मुख्य चुनाव अधिकारी संजीव कुमार मालू ने बताया कि मतदान अधिकारी की जिम्मेदारी आशीष मालू को दी गई है, जबकि मतगणना अधिकारी दिलीप माहेश्वरी होंगे। जांच अधिकारी के रूप में राजेश वार्ष्णेय एवं मनोज गुप्ता की नियुक्ति की गई है।इसके अतिरिक्त चुनाव समिति में राकेश गुप्ता, केशव गुप्ता, विनय माहेश्वरी और अनूप कुमार गुप्ता को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। टयूमिलन (समन्वय) कमेटी में किशन चंद्र शर्मा, पुष्पेंद्र कुमार राजपूत, देव प्रकाश माहेश्वरी और किशोरीलाल को रखा गया है।

# एटा जनपद में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ सप्लाई विभाग ने बड़ी कार्रवाई

एटा जनपद में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ सप्लाई विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला पूर्ति अधिकारी के के गुप्ता के निर्देश पर सप्लाई इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह ने निधौली रोड पर छापेमारी की।पहले ठिकाने पर भूरा उर्फ यतिन गुप्ता की दुकान से 8 गैस सिलेंडर और एक रिफिलिंग मशीन बरामद की गई। दूसरे स्थान पर दिनेश गुप्ता के यहां से 30 गैस सिलेंडर और एक रिफिलिंग मशीन जब्त की गई। आरोपी 70 रुपए प्रति किलो की दर से गैस बेच रहे थे।सप्लाई इंस्पेक्टर ने बताया कि इस अवैध कारोबार की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर भी छापेमारी की जाएगी।